महाराष्ट्र राज्य में भूमिहीन श्रमिकों का बसाया जाना

8205. श्री देवराव पाटिल :
श्री स० दा० पाटिल :
श्री बसवन्त :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पुनर्वास योजना के अन्तर्गत महाराष्ट्र में भूमिहीन श्रमिकों को पुनः बसाने के कार्यक्रम पर होने वाले प्रारम्भिक खर्च को पूरा करने के लिए केन्द्रीय सरकार ने अब तक राज्य सरकार को कितनी वित्तीय सहायता दी है और इस सहायता से कितने परिवारों को पुनः बसाया जायेगा ;

(ख) क्या वे सुनार भी, जिन्हें भूमि दी गई है, इस उद्देश्य के लिये महाराष्ट्र के भूमिहीन श्रमिकों में सम्मिलित किये गये हैं और क्या उन्हें भी ऐसी वित्तीय सहायता दी गई थी ;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) सुनारों को दी गई वित्तीय सहायता की राशि क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे) : (क) 1966-67 की अवधि में भारत सरकार ने महाराष्ट्र सरकार को 1,25,47,150 रुपये की सहायता प्रदान की जिसमें से 97,38,300 रुपये अनुदान के रूप में तथा 28,08,850 रुपये ऋण के रूप में थे । केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम के अन्तर्गत 16,124 भूमिहीन कृषकों के परिवारों को बसाया जा चुका है ।

(ख) जी नहीं ।

(ग) और (घ). प्रश्न ही नहीं होता ।

Cooperative Farming Societies

8206. Shri D. S. Patil: Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state the progress made in each State in the organisation of Co-operative Farming Societies till the 31st March, 1967?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri M. S. Gurupadaswamy): A statement is laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT-1362/67].

राष्ट्रीय राजपथ संख्या 9

8207. श्री रामचन्द्र वीरप्पा : क्या **परिवहन तथा नौवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि महाराष्ट्र, मैसूर, आन्ध्र प्रदेश और मद्रास से होकर जाने वाले राष्ट्रीय राजपथ संख्या 9 पर प्रति दिन दुर्घटनायें हो रही हैं क्योंकि यह राजपथ कम चौड़ा है ;

(ख) यदि हां, तो 1962 से लेकर दिसम्बर, 1966 तक ऐसी कितनी दुर्घटनायें हुई ;

(ग) क्या दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सरकार का विचार सड़क को चौड़ा करने का है ; और

(घ) यदि हां, तो कब तक ?

परिवहन तथा नौवहन मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) और (ख). सम्बद्ध राज्य सरकारों से आवश्यक सूचना प्राप्त की जा रही है और प्राप्त होने पर सभा पटल पर प्रस्तुत कर दी जायेगी । राष्ट्रीय मुख्य मार्ग संख्या 9 मद्रास राज्य से होकर नहीं गुजरती है ।

(ग) और (घ). चतुर्थ पंचवर्षीय योजना प्रारूप में सड़क के विजयवाड़ा-हैदराबाद-अनुभाग के 80 मीलों को दो गलियों वाले यान-मार्ग योग्य चौड़ा करने के लिये 80 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है ।